निरीक्षण प्रतिवेदन

राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर M/s Subhlaxmi Processors Pvt. Ltd., हमीरगढ़, भीलवाड़ा के संबंध में वायु प्रदूषण (Air), ध्वनि प्रदूषण (Noise) एवं काला पानी/जल प्रदूषण से संबंधित कुल 08 शिकायतें प्राप्त होने के संबंध में क्षेत्रीय अधिकारी महोदय से प्राप्त निर्देशों की पालना में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा आज दिनांक 17.09.2026 को मौके पर जाकर शिकायतकर्ताओं से दूरभाष पर संपर्क किया गया तथा उन्हें मौके पर उपस्थित होने हेतु सूचित किया गया।

शिकायतकर्ताओं का विवरण निम्नानुसार है: –

1. **श्री किशन गुर्जर – 03 शिकायतें**
2. **श्री संजय गुर्जर – 02 शिकायतें**
3. **श्री घनश्याम सिंह – 02 शिकायतें**
4. **श्री दिनेश तेली – 01 शिकायत**

मौके पर संपर्क करने पर **श्री दिनेश गुर्जर** एवं **श्री संजय गुर्जर** द्वारा बताया गया कि वे वर्तमान में मौके पर उपस्थित नहीं हो सकते हैं। वहीं श्री किशन गुर्जर एवं श्री घनश्याम सिंह मौके पर उपस्थित हुए। मौके पर उपस्थित शिकायतकर्ताओं द्वारा बताया गया कि हाल ही में बारिश हुई है, अतः वर्तमान परिस्थितियों में Air Monitoring/धूल की जांच किया जाना उचित नहीं होगा। उनके द्वारा बताया गया कि मौसम साफ होने के पश्चात वे क्षेत्रीय कार्यालय, भीलवाड़ा/अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचित कर देंगे, जिसके बाद मौके पर आकर Air Monitoring/धूल की जांच करवाई जा सकती है। इसी प्रकार, जल के नमूने (Water Sample) के संबंध में शिकायतकर्ताओं द्वारा बताया गया कि उनका कुआं मौके से कुछ दूरी पर स्थित है तथा हाल ही में हुई बारिश के कारण वहां जाना वर्तमान में कठिन है। शिकायतकर्ताओं द्वारा यह भी बताया गया कि मौसम साफ होने एवं आवागमन सुगम होने के पश्चात वे अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचित कर देंगे, तत्पश्चात मौके पर आकर जल का नमूना लेकर जांच की जा सकती है।

उक्त इकाई M/s Subhlaxmi Processors Pvt. Ltd., हमीरगढ़, भीलवाड़ा, के संबंध में पूर्व में भी राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर शिकायतें प्राप्त हुई थीं। उक्त शिकायतों के क्रम में मंडल के अधिकारियों द्वारा दिनांक 24.08.2026 को इकाई का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान इकाई परिसर में किसी प्रकार का Effluent discharge छोड़ा जाना पाया नहीं गया। उक्त निरीक्षण के दौरान दिनांक 24.08.2026 को इकाई की Noise Monitoring, Stack Monitoring एवं Ambient Air Quality Monitoring भी की गई थी। उक्त मॉनिटरिंग के प्राप्त परिणाम निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए गए थे। इसके अतिरिक्त, शिकायतकर्ताओं द्वारा बताई गई स्थल का भी निरीक्षण किया गया था। शिकायत में उल्लिखित स्थान एवं वहां स्थित कुएं के पानी का TDS परीक्षण किया गया था। परीक्षण के दौरान TDS का मान लगभग 1000 से 1200 ppm के बीच पाया गया था। उक्त शिकायत के क्रम में भूजल एवं मृदा की गुणवत्ता की जांच करवाए जाने हेतु दिनांक 15.09.2026 को निम्न अधिकारियों को पत्र प्रेषित किए गए–

1. Senior Hydrologist, Ground Water Department, Bhilwara — भूजल की गुणवत्ता की जांच हेतु।
2. Deputy Director, Department of Agriculture, Bhilwara — मृदा (Soil) की गुणवत्ता की जांच हेतु।

संदर्भ एवं अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत: -

Kanhaya.

(Kanhaya lal Kumawat)
Jr. Env. Engineer

C/s

(Deepak Dhanetwal)
Regional Officer

क्षेत्रीय कार्यालय
REGIONAL OFFICE
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, भीलवाड़ा
RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD, BHILWARA
E-Mail ID : rorpcb.bhilwara@gmail.com
www.environment.rajasthan.gov.in

2025
International Year of Cooperatives

Registered Letter/Post

RPCB/RO/BHL/Gen-03/ SP- 541 Date: 15/9/2026

Senior Hydrogeologist,

Ground Water Department,

Bhilwara.

Email - srgwdbhilwara@gmail.com

Sub.: – Regarding comment on the analysis of open well water of fields situated in the nearby areas of M/s Subh Laxmi Processors Pvt. Ltd., Chittor Road, Bhilwara.

Ref.: – Complaint received at this office from Sh. Kishan Lal Gurjar, Sh. Ratan Lal & Sh. Tara Chand dated 02.09.2026.

Sir,

With reference to the subject and complaint cited above, it is informed that a complaint has been received at this office regarding the quality of water available in the open wells situated in the agricultural fields in the nearby areas of M/s Subh Laxmi Processors Pvt. Ltd., Chittor Road, Bhilwara.

In the complaint filed by the complaints it has been alleged that unit discharges effluent from the premises & which is further deteriorating the quality of ground water.

In order to ~~with~~ verify the contents of the complaint, unit was inspected by the Board officials & no such discharge were observed by the unit. Also sample of ground water was also checked & it was observed that TDS was in the range of 1100-1200 ppm, which prima facie do not indicate the presence of Textile effluent.

Complainant further alleged that this TDS (1100-1200ppm) is due to discharge of effluent & prior to establishment of industry TDS of ground water was used to be 100-200 ppm.

As this office has no such base line data available, as such by enclosing IR & AR you are requested to kindly comment upon the analysis of quality of ground water,

क्षेत्रीय कार्यालय
REGIONAL OFFICE
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, भीलवाड़ा
RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD, BHILWARA
E-Mail ID : rorpcb.bhilwara@gmail.com
www.environment.rajasthan.gov.in

2025
International Year of Cooperatives

Registered Letter/Post

Date:- 15/9/2026

RPCB/RO/BHL/Gen- /SP- 540

Deputy Director,

Department of Agriculture,

Bhilwara.

Sub.: - Regarding Soil Analysis soil of inside the premises and agriculture field situated in the nearby areas of M/s Subh Laxmi Processors Pvt. Ltd., Chittor road Bhilwara.

Ref: - Complaint received at this office from Sh. Kishan Lal Gurjar, Sh. Ratan Lal & Sh. Tara Chand on dated: 02.09.2026.

Sir,

With reference to the complaint alleged disposal of industrial waste outside the premises of M/s Subh Laxmi Processors Pvt. Ltd. Chittor road Bhilwara, To verify the contents of the complaint unit was inspected by officials of Board on dated: 24.08.2026, and due to which complainant has also alleged their agriculture land & quality of soil has been deteriorated & unit was not found discharging effluent outside the premises, in the agriculture field of the complainants.

However, this office is not competent to comment upon the deterioration of soil. In this regard, you are requested to kindly carry out soil sampling and analysis of the agricultural fields situated in the nearby areas of the said unit, and forward the analysis report (compare study with baseline data of last 5 year, if available) along with your comments on the nature of the soil and reason for deterioration if any of soil. So that further necessary action may be taken.

Regards,

Encl: As above

Sincerely,

(Deepak Dhanetwal)

Regional Officer

क्षेत्रीय कार्यालय
REGIONAL OFFICE
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, भीलवाडा
RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD, BHILWARA
Email:-rorpcb.bhilwara@gmail.com
www.environment.rajasthan.gov.in

2025
International Year of Cooperatives

तथ्यात्मक टिप्पणी

विषय: मेसर्स शुभलक्ष्मी प्रोसेस लिमिटेड, हमीरगढ़, भीलवाड़ा इकाई के विरुद्ध राजस्थान संपर्क पोर्टल एवं इस कार्यालय में प्राप्त शिकायतों के संबंध में।

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि मेसर्स शुभलक्ष्मी प्रोसेस लिमिटेड, हमीरगढ़, जिला भीलवाड़ा इकाई के संबंध में राजस्थान संपर्क पोर्टल एवं इस कार्यालय में श्री किशन लाल गुर्जर एवं विभिन्न व्यक्तियों द्वारा समय-समय पर विभिन्न माध्यमो एवं संपर्क पोर्टल पर लगातार शिकायतें प्रस्तुत की जाती रही हैं। उक्त इकाई के संबंध में गत एक सप्ताह के अंदर इकाई के विरुद्ध एक ही तरह के विषय पर प्राप्त शिकायतों की संख्या लगभग 50 से 55 है। शिकायतकर्ता द्वारा बार-बार एवं नियमित रूप से शिकायतें प्रस्तुत की जा रही हैं। उक्त इकाई का निरीक्षण एवं पर्यावरणीय अनुपालन की नियमित रूप से मंडल के अधिकारियों द्वारा निगरानी एवं निरीक्षण किया जाता रहा है।

इकाई का प्राप्त शिकायतों के क्रम में नवीनतम निरीक्षण एवं वायु गुणवता की जाँच दिनांक 24.08.2026 को मंडल अधिकारियों द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान इकाई परिसर से किसी भी परिवादी के खेत में किसी प्रकार का औद्योगिक उचिष्ट (Effluent) बाहर छोड़ा जाना/डिस्चार्ज होना नहीं पाया गया। राज्य मंडल द्वारा उक्त इकाई को शून्य निश्राव् (Zero Liquid Discharge) की शर्तो के साथ सञ्चालन सम्मति जारी की गयी है । वर्तमान में इकाई में औद्योगिक उच्छिष्ट जल के उपचार हेतु पर्याप्त उपचार संयंत्र स्थापित किए गए हैं, जिनका विवरण निम्नानुसार है—

1. **ETP (Effluent Treatment Plant) — क्षमता 1200 KLD। (Biological with MBR)**
2. **RO Plant — 4 Stage RO System स्थापित है।**
3. **MEE (Multiple Effect Evaporator) — क्षमता 80 KLD।**
4. **ATFD (Agitated Thin Film Dryer) — स्थापित एवं संचालन में है।**
5. घरेलू अपशिष्ट जल के उपचार हेतु STP (Sewage Treatment Plant) — क्षमता 25 KLD स्थापित है।

उक्त उपचार संयंत्रों के माध्यम से इकाई द्वारा औद्योगिक एवं घरेलू अपशिष्ट जल का उपचार किया जाता है। इसके अतिरिक्त, समस्त वस्त्र प्रसंस्करण इकाइयों की नियमित निगरानी एवं पर्यावरणीय अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु इस कार्यालय द्वारा Day & Night सतर्कता दल गठित की गई है। उक्त टीम द्वारा प्रतिदिन समस्त इकाइयों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों की नियमित निगरानी की जाती है। निगरानी के दौरान प्राप्त रिपोर्ट का संधारण किया जाता है तथा संबंधित रिपोर्ट को Process House Monitoring Portal(ww.rspcbbhilwara.in) पर नियमित रूप से अपलोड किया जाता है।

इस प्रकरण में उपलब्ध अभिलेखों एवं दिनांक 24.08.2026 को किए गए नवीनतम निरीक्षण एवं वायु गुणवत्ता जांच रिपोर्ट के आधार पर निरीक्षण के समय इकाई से किसी प्रकार का औद्योगिक उच्छिष्ट परिवादी के खेत अथवा कुएं में बाहर छोड़ा जाना/अनधिकृत डिस्चार्ज किया जाना नहीं पाया गया। इसके अतिरिक्त इकाई में उच्छिष्ट जल के उपचार हेतु

Scanned with OKEN Scanner

क्षेत्रीय कार्यालय
REGIONAL OFFICE
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, भीलवाडा
RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD, BHILWARA
Email:-rorpcb.bhilwara@gmail.com
www.environment.rajasthan.gov.in

आवश्यक उपचार संयंत्र उपरोक्तानुसार स्थापित एवं संचालित हैं तथा इकाई द्वारा नियमित रूप से निगरानी एवं पर्यावरणीय अनुपालन की कार्यवाही की जा रही है। जैसा की प्राप्त शिकायतों में वर्णित है इकाई के बॉयलर की वायु गुणवत्ता जांच एवं ध्वनि प्रदूषण की जांच भी मंडल द्वारा निरिक्षण के दौरान की जा चुकी है। क्षेत्रीय प्रयोगशाला, भीलवाडा से प्राप्त विश्लेषण परिणाम के आधार पर यह पाया गया कि सभी मानक निर्धारित मानको के अनुरूप है।(विश्लेषण रिपोर्ट की प्रति संलग्न है।

इसके अतिरिक्त चूँकि इकाई द्वारा निरिक्षण के दौरान टीडीएस मानको के अनुसार प्रथम द्रष्टया किसी तरह का औद्योगिक उच्छिष्ट परिवादी के खेत में छोड़ जाना नहीं पाया गया, न ही वायु गुणवत्ता एवं ध्वनि की रिपोर्ट निर्धारित मानको से अधिक पाई गई अतः दिए गए तथ्यों के आधार पर वर्तमान में इकाई के विरुद्ध इस कार्यालय द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई अपेक्षित नहीं है।

परिवादी द्वारा परिवाद में यह भी आक्षेप लगाया गया है कि, पूर्व में परिवादी के कुओं के जल की टीडीएस 100 से 200 पीपीएम थी, इस तथ्य का सत्यापन वर्तमान में संभव नहीं है एवं परिवादी द्वारा इन तथ्यों को सत्यापित करने हेतु कोई दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किये गए है तथापि वर्तमान में प्राप्त टीडीएस मान 1000 से 1200 पीपीएम के संबंध में तकनीकी विशेषज्ञ रिपोर्ट भूजल विभाग से प्राप्त की जा रही है एवं प्रथम द्रष्टया इसका औद्योगिक उच्छिष्ट नहीं होना प्रतीत होता है अतः वर्तमान में विभाग द्वारा कोई कार्रवाई अपेक्षित नहीं है।

इस प्रकरण में यह भी लेख है कि, क्योंकि शिकायतकर्ता उक्त इकाई की नियमित रूप से आदतन शिकायत करता रहता है एवं पूर्व में भी इनके द्वारा इस उद्योग की शिकायत पर समय-समय पर विभाग द्वारा जांच की गई है परंतु शिकायतकर्ता मंडल द्वारा कि गयी कार्यवाही से कभी संतुष्ट नहीं होता है, अतः इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत परिवादों को निस्तारण करने का श्रम करावे क्योंकि इन सभी परिवादों पर मंडल द्वारा निर्धारित कार्रवाई करने के पश्चात भी परिवादी संतुष्ट नहीं होगा। यह तथ्यात्मक प्रतिवेदन राजस्थान संपर्क पोर्टल एवं इस कार्यालय में प्राप्त शिकायतों के संबंध में संपूर्ण दस्तावेजो यथा निरिक्षण प्रतिवेदन , विश्लेषण परिणाम , निरिक्षण के दौरान लिए गए फोटोग्राफ्स आवश्यक कार्यवाही/अभिलेखार्थ प्रस्तुत है।

क्षेत्रीय अधिकारी

For more information related to monitoring of textile process houses visit www.rspcbbhilwara.in
Scanned with OKEN Scanner

FORM - X

RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD

REPORT OF THE STATE BOARD ANALYST

(See Rule - 10)

Report No.: 450

Report On: 01/09/2026

I hereby certify that I **Mahesh Kumar Singh**, State Board Analyst duly appointed **under sub Section(2) of Section 29 of the Air (Prevention & Control of Pollution) Act, 1981** received on the **25/08/2026** from **Kritika Somawat, SO, Bhilwara ,RSPCB Bhilwara**a sample of **Ambient Air Quality** of **M/S Subh laxmi Processors Pvt.Ltd.**, Collected from **AAQM Near Main Gate** Collected on **24/08/2026**. The Sample was in a condition fit for analysis as reported below :-

I further certify that I have analyzed the a forementioned sample on 01/**09/2026** and declare the result of the analysis to be as below :-

S. No.	Parameters	Result
1	Nitrogen Dioxide as NO2 µg/M3	14.3
2	Particulate Matter(PM10) µg/m3	75
3	Sulphur Dioxide as SO2 ug/m3	15.8

The condition of the seals, fastening and container on receipt was as follows :**Intact**

Signed This On**01/09/2026**

Mahesh Kumar Singh

BOARD ANALYST

Rajasthan State Pollution Control Board

Regional Office Bhilwara

18, Azad Nagar, Near Pannadhai Circle, Bhilwara -311001

Phone: 01482-241159

FORM - X

RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD

REPORT OF THE STATE BOARD ANALYST

(See Rule - 10)

Report No.: 451

Report On: **01/09/2026**

I hereby certify that I **Mahesh Kumar Singh**, State Board Analyst duly appointed **under sub Section(2) of Section 29 of the Air (Prevention & Control of Pollution) Act, 1981** received on the **25/08/2026** from **Kritika Somawat, SO, Bhilwara, RSPCB Bhilwara** a sample of **Source Emission (Stack) M/S Subh laxmi Processors Pvt,Ltd** Collected from **Common stack of 10 TPH boiler attached with bag filter, cyclone and wet scurber and 25 lackcal/hr thermopack attached with bag filter, dust collector and wet scruber both are opretional (08 TPH Boiler under installation)** Collected on **24/08/2026**. The Sample was in a condition fit for analysis as reported below :-

I further certify that I have analyzed the aforementioned sample on **01/09/2026**and declare the result of the analysis to be as below :-

S. No.	Parameters	Result
1	Particulate Matter mg/Nm3	79

The condition of the seals, fastening and container on receipt was as follows : **Intact**

Signed This On **01/09/2026**

Mahesh Kumar Singh

BOARD ANALYST

Rajasthan State Pollution Control Board

Regional Office Bhilwara

18, Azad Nagar, Near Pannadhai Circle, Bhilwara -311001

Phone: 01482-241159

Rajasthan State Pollution Control Board
4, Institutional Area, Jhalana Doongri, Jaipur (Raj.)-302004 Result
of Ambient Noise Level Monitoring

DATE OF RECEIPT: 25.08.2026
MONITORED BY: Kritika Somawat, SO, RSPCB Bhilwara

S. No.	Lab Sample No	Name of Industry / Place	Point of Collection/ Location	Date of Monitoring	Noise Level In Day Time (Leq dB(A))	Noise Level In Night Time (Leq dB(A))
1	452.	M/s SubhLaxmi Processors Pvt. Ltd.	Ambient Noise Monitoring Near Main Gate	24/08/2026	61.9	

BOARD ANALYST

Rajasthan State Pollution Control Board

* ND = Not Done

शिकायत सत्यापन रिपोर्ट

संदर्भः राजस्थान संपर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतें:-

Sr. No.	परिवाद क्रमांक	शिकायत दर्ज करने की तिथि	परिवादी का नाम
1	**082630828379423**	21-Aug-2026	Sh. Devraj aheer
2	**082630828379384**	21-Aug-2026	Sh. Shiv kumar aheer
3	**082630828379345**	21-Aug-2026	Sh. Prakash sen
4	**082630828379301**	21-Aug-2026	Sh. Prakash Chandra

परिवाद क्षेत्रः ओज्याडा ,ओज्याडा ,सुवाणा ,भीलवाड़ा, जिला-भीलवाड़ा।

शिकायत का विवरण :

मेसर्स शुभलक्ष्मी प्रोसेस प्राइवेट लिमिटेड हमीरगढ़ द्वारा लगातार ध्वनि वायु गर्म हवा केमिकल युक्त जहरीला पानी छोड़े जाने के चलते हमारे नलकूपों में पानी पीने योग्य नहीं रहा ऊपर से इनके गंभीर परिणामों से हम किसानों की दशा दिन ब दिन बिगड़ रही है 3 वर्षों से लगातार शिकायतों के बावजूद भी किसान न्याय से वंचित क्यों होते जा रहे क्या स्वच्छ हवा में आजादी से जीने का और जीवन यापन करना हमारा अधिकार नहीं रहा या केवल पूंजीपति को ही अधिकार है अतः श्री मान से निवेदन है कि इस इकाई पर तत्काल कार्यवाही कर हम पीड़ित किसानों को न्याय दिलाया जावे |

निस्तारण :

शिकायत की स्थिति जानने हेतु वर्णित स्थान का निरीक्षण दिनांक 24-08-2026 को किया गया। शिकायतकर्ता श्री देवराज अहीर एवं अन्य चार लोग की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया, शिकायतकर्ता के साथ उसके द्वारा बताई गई शिकायत स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शिकायतकर्ता के खेत के पास स्थित मेसर्स शुभलक्ष्मी प्रोसेस हाउस के परिसर में दीवार के पास एक प्राकृतिक नाला बना हुआ पाया गया, जिसे सीमेंट से पक्का किया हुआ था तथा उसमें पानी भरा हुआ था। मौके पर उक्त पानी का TDS परीक्षण किया गया, जो 1200 PPM पाया गया। शिकायतकर्ता की उपस्थिति में उक्त पानी का नमूना लिया गया। तत्पश्चात शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके कुएँ का पानी भी खराब हो रहा है तथा कुएँ के पानी की भी जाँच करने का अनुरोध किया। इस पर शिकायतकर्ता के साथ उसके कुऐं पर जाकर पानी का TDS परीक्षण किया गया, जो 1150 PPM पाया गया तथा उक्त पानी का नमूना भी लिया गया। इसके पश्चात मौके की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण करने हेतु मेसर्स शुभलक्ष्मी प्रोसेस हाउस के परिसर में प्रवेश कर उक्त नाले को अंदर से देखा गया। निरीक्षण के दौरान नाले में पानी भरा हुआ पाया गया। नाले के पानी का TDS परीक्षण किया गया, जो 1080 PPM पाया गया। इकाई प्रतिनिधि से उक्त पानी के स्रोत के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि यह प्राकृतिक नाला है, जिसमें वर्षा जल का प्रवाह होता है। मौके पर विभिन्न जगहों से लिए गए नमूनों के TDS मापन से प्रथम दृष्टया यह प्रतीत नहीं होता की इकाई द्वारा किसी प्रकार का औद्योगिक उच्छिष्ट का निस्तारण किया गया है। इसके अतिरिक्त, दौरान मौका निरिक्षण भी इकाई द्वारा किसी प्रकार का औद्योगिक उच्छिष्ट निस्तारित करते हुए नहीं पाया गया ।

शिकायतकर्ता द्वारा हवा, ध्वनि एवं पानी छोड़ने संबंधी शिकायत किए जाने के क्रम में मौके पर ध्वनि प्रदूषण की शिकायत के क्रम में प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार नतीजे निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए गए । इकाई द्वारा वायु गुणवत्ता की जांच हेतु Ambient तथा Stack मोनिटरिंग भी की गयी जिसके नतीजे क्षेत्रीय प्रयोगशाला से प्राप्त किये जाने शेष है।

(कन्हैया लाल कुमावत)
कनिष्ठ पर्यावरण अभियंता

(कृतिका सोनावत)
वैज्ञानिक अधिकारी

C/s

(दीपक धनेटवाल)
क्षेत्रीय अधिकारी

Scanned with OKEN Scanner



Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner





Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner